प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

श्री निशांत सिंह यादव की संकर गाभिन गाय रहीं सर्वोत्तम पशु

पन्तनगर। 6 अक्टूबर 2024। विश्वविद्यालय में चल रहे चार–दिवसीय किसान मेले के तीसरे दिन आज पशुचिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय के प्रांगण में पशु–प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें पशुपालकों ने अपने पशुओं का प्रदर्शन किया। इस पशु–प्रदर्शनी में श्री निशांत सिंह यादव पुत्र श्री गेंदल लाल, बहेड़ी, के संकर गाभिन गाय को सर्वोत्तम पशु घोषित किया गया जिसे विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने रिबन बांधकर सुशोभित किया। इस पशु–प्रदर्शनी के संयोजक, अधिष्ठाता पशुचिकित्सा, डा. ए.एच. अहमद एवं सह संयोजक डा. एस.सी. त्रिपाठी, डा. आर.के. शर्मा थे। निर्णायक मण्डल में डा. जे.एल सिंह, डा. बी.एन. साही एवं डा. आर.एस. बरवाल थे। इस कार्यक्रम में डिप्लोमा फार्मेसी के विद्यार्थियों ने सहयोग दिया। इस अवसर पर कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को पशुओं की अच्छी नस्ल के बारे में सुझाव दिये। कार्यक्रम के अंत में पशुपालको को पशु स्वास्थ्य संबंधित किट एवं मिनरल मिक्चर निःशुल्क बांटे गये।

श्री निषांत सिंह यादव की संकर गाभिन गाय को सर्वोत्तम पषु के रूप में सुषोभित करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

निदेशक संचार